# लामडिंग दर्पण




## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 9 अंक 34 अप्रैल–जून 2018

### लामडिंग मंडल में नई गाड़ियों का शुभारंभ

### अगरतला–बैंगलोर कैंट हमसफ़र एक्सप्रेस

22 मई 2018 (मंगलवार) को माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई और त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री श्री बिप्लव कुमार देब तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन से 12503/12504 अगरतला–बैंगलोर कैंट हमसफ़र एक्सप्रेस (साप्ताहिक से सप्ताह में दो दिन की सेवा में वृद्धि के साथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रेलगाड़ी प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को 5.00 बजे अगरतला रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी। इसकी डाउन रेलगाड़ी प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बैंगलोर छावनी से 10.15 बजे प्रस्थान करेगी। हमसफ़र एक्सप्रेस लगभग 64 घंटे में 3542 किलोमीटर की यात्रा कराएगी।





12503/12504 अगरतला–बैंगलोर कैंट हमसफ़र एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) को हरी झंडी दिखलाते हुए माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई, त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री श्री बिप्लव कुमार देव तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का एक दृश्य।

### डिब्रूगढ़–सिलचर के बीच एक नई एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ

08 अप्रैल 2018 (रविवार) को असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सर्वानंद सोनोवाल और माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, श्री राजेन गोहांई तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से क्रमशः ऊपरी असम और बराक घाटी के दो सबसे बड़े शहरों के बीच रातभर की आवागमन के एक नए अध्याय के प्रारंभ किए जाने की घोषणा करते हुए डिब्रूगढ़ और सिलचर के बीच एक नई एक्सप्रेस रेल गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डिब्रूगढ़ और सिलचर के बीच एक नई एक्सप्रेस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई, असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सर्वानन्द सोनोवाल, स्थानीय सांसद एवं विधायक तथा रेलवे के अधिकारीगण का एक दृश्य।





हिंदी उन सभी गुणों से अलंकृत है जिनके बल पर वह विश्व की साहित्यिक भाषाओं की अगली श्रेणी में सभासीन हो सकती है।

——————— मैथिलीशरण गुप्त

## लामडिंग मंडल का 63 वाँ रेल सप्ताह समारोह - 2018

63 वाँ रेल सप्ताह समारोह का उद्घाटन करते हुए तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग श्री पी. के. जैन।



लामडिंग मंडल का 63वां रेल सप्ताह समारोह दिनांक 20.04.2018 को अधिकारी क्लब/लामडिंग में बहुत धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए कुल 114 वैयक्तिक और 27 समूह पुरस्कार प्रदान कर रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

63 वाँ रेल सप्ताह समारोह- 2018 के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कलाकार बच्चों का एक दृश्य।







रेल सप्ताह समारोह के दौरान पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक, श्री पी. के. जैन।




रेल सप्ताह समारोह - 2018 के दौरान पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरथ जानि।

## क्षेत्रीय रेल सप्ताह में वर्ष 2017-18 के लिए लामडिंग मंडल की उपलब्धियाँ- एक नजर में

1. जल आपूर्ति को बनाए रखने में उत्कृष्टता के लिए लामडिंग मंडल को 'जलद श्री' दक्षता शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।
2. लामडिंग मंडल और तिनसुकिया मंडल को संयुक्त रूप से 'यॉत्रिक दक्षता शील्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया ।
3. सर्वश्रेष्ठ ट्रेन संचालन के लिए लामडिंग मंडल को 'आपरेशन शील्ड' से सम्मानित किया गया है।
4. 'वेस्ट केप्ट परिवार कल्याण केन्द्र' के लिए मंडल रेल अस्पताल/लामडिंग को दक्षता शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।
5. लामडिंग मंडल के वैगन डिपो/न्यू गुवाहाटी को 'वेस्ट केप्ट वैगन डिपो' के लिए दक्षता शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।
6. लामडिंग मंडल के डीजल लोको शेड/न्यू गुवाहाटी को 'सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता' शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।
7. कोच रखरखाव डिपो, गुवाहाटी को 'सर्वश्रेष्ठ रखरखाव कोचिंग डिपो दक्षता शील्ड' से सम्मानित किया गया ।

## महिला रखरखाव गैंग



पिट लाइन/गुवाहाटी में रखरखाव क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता के चलते महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनवरी 2018 के महीने में केवल महिला कर्मचारियों को लेकर एक परियोजना शुरू की गई थी और डिपो में एक पायलट परियोजना के रूप में तकनीशियन/हेल्पर ग्रेड की 20 महिलाओं का चयन कर एक रखरखाव गैंग बनाया गया था।



इन महिला कर्मचारियों को मौजूदा तकनीशियनों के साथ पिट लाइन में विशेष रूप से रखरखाव की विभिन्न अवधारणाओं पर प्रशिक्षण दिया गया था। इस दौरान ट्रेनों की सुरक्षा जांच की पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। भारतीय रेलवे में यह पहली बार है कि कोच रखरखाव डिपो के किसी भी पिट लाइन में केवल महिला रखरखाव गैंग को स्थायी रूप से लगाया गया है। यह गैंग शिफ्ट में पिट लाइन/गुवाहाटी में काम कर रहा है।

**हिंदी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। - स्वामी दयानंद**

## विश्व पर्यावरण दिवस

05 जून 2018 को लामडिंग मंडल में भी विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें मंडल के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग श्री आशीष शर्मा।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग श्री सुरथ जानि।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2018 को पूरे विश्व के साथ लामडिंग मंडल मुख्यालय में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पालन किया गया।



योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री आशीष शर्मा



21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए मंडल के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा उनके परिजनों का एक दृश्य।

## लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

**श्री आशीष शर्मा** : आपने 07 मई 2018 को मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री हितेश जयसवाल** : आपने 15 मई 2018 को मंडल इंजीनियर/मालीगॉव के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री रविकांत सिंह** : आपने 28 मई 2018 को सहायक मंडल इंजीनियर/ I/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री यू. सेनगुप्ता** : आपने 02 अप्रैल 2018 को सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री आर. पी. रमन** : आपने 05 अप्रैल 2018 को मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/डीजल/न्यू गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री एस. उमेश** : आपने 19 अप्रैल 2018 को क्षेत्र प्रबंधक/बदरपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री एस. पाटिदार** : आपने 11 जून 2018 को मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/पावर/न्यू गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री के. के. कनौजिया** : आपने 21 जून 2018 को मंडल इंजीनियर/ IV/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री अविनाश शाण्डिल्य** : आपने 28 जून 2018 को सहायक प्रचालन प्रबंधक/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

लामडिंग मंडल में आप सभी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।

सभी भारतीय भाषाओं के लिए यदि कोई एक लिपि आवश्यक है तो वो देवनागरी ही हो सकती है। - जस्टिस कृष्णस्वामी अय्यर





राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए महाप्रबंधक पू.सी.रेल, श्री संजीव रॉय।



26 जून 2018 को मालीगॉव मुख्यालय में आयोजित अंतर मंडल राजभाषा प्रदर्शनी में लामडिंग मंडल द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का एक दृश्य।

## अंतर मंडल राजभाषा प्रदर्शनी

26 जून 2018 को मालीगॉव मुख्यालय में संपन्न अंतर मंडल राजभाषा प्रदर्शनी में लामडिंग मंडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए महाप्रबंधक पू.सी.रेल श्री संजीव रॉय द्वारा राजभाषा शील्ड प्रदान कर लामडिंग मंडल को सम्मानित किया गया।



लामडिंग मंडल को राजभाषा शील्ड प्रदान करते हुए महाप्रबंधक पू. सी. रेल, श्री संजीव रॉय।



अपर महाप्रबंधक, श्री लोकेश नारायण की अध्यक्षता में 26 जून 2018 को मालीगॉव मुख्यालय में संपन्न कवि गोष्ठी कार्यक्रम में लामडिंग मंडल से पॉच कवियों ने सहभागिता किया। जिन्हें महाप्रबंधक द्वारा राजभाषा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## लामडिंग मंडल में मानसून का कहर

11 जून से 15 जून, 2018 तक की अवधि के दौरान (अधिकतम एक दिन में 285 मि.मी.) की रिकॉर्ड बारिश के परिणामस्वरूप पटरियों पर भू-स्खलन, पानी का जमाव आदि से लामडिंग-बदरपुर सेक्शन में 07 (सात), करीमगंज-अगरतला सेक्शन में 03 (तीन) तथा काटाखाल-भैरवी सेक्शन में 01(एक) व्यवधान हुए। इसके अलावा सिलचर और बदरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर बाढ़ का पानी भर गया था,। परंतु मंडल के कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों तथा अधिकारियों के अथक प्रयास से सेक्शन जल्द ही रेल यातायात के लिए पुनःबहाल हो सका।






सेक्शन में रेल यातायात को पुनःबहाल करने के साथ-साथ मंडल में निम्नलिखित विशेष कार्य किए गए-

1. बदरपुर, अगरतला और धर्मनगर से 24 पुनःबहाली स्पेशल लगातार चलायी गयी।
2. जिला मजिस्ट्रेट, धलाई के संपर्क और सहयोग से आमबासा में फँसे 892 लोगों को बसों द्वारा सुरक्षित निकाला गया।
3. ट्रक, मोटर ट्रॉली और नौकाओं का उपयोग कर सालचापरा, काटाखाल, मनु, मुंगियाकामी, बदरपुर और लामडिंग के जरूरतमंदों को 3555 पैकिज खाद्य और पानी वितरित किए गए।
4. कॉलोनियों में बाढ़ के दौरान रेलवे परिजनों के रहने के लिए सिलचर स्टेशन पर 15 अतिरिक्त कोच लगाए गए।
5. काटाखाल, सालचापरा, अलगापुर और सिलचर स्टेशन परिसर का उपयोग कर लगभग 1585 लोगों को सुरक्षित बुनियादी आश्रय प्रदान किया गया।

सेवानिवृत्ति बैठक के आयोजन का एक दृश्य।



## कार्मिक कल्याण

अप्रैल-जून, 2018 के दौरान सेवानिवृत्ति के कुल 88 मामलों का निपटारा किया गया।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'घ' में कुल 02 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में कुल 14 अभ्यर्थियों को रेलवे में नियुक्ति प्रदान की गई।

संरक्षक
आशीष शर्मा
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सुरथ जानि
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
संजय कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी